## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिक्षक बनकर स्कूल पहुंचे एसडीओपी बच्चों से पूछे सवाल जवाब सुनकर हुए मंत्र मुग्ध

रायगढ़। जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कई के कार्यो को जिला पुलिस अमलीजामा पहना रही है। पुलिस कप्तान ने सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए अपने मातहात पुलिस कर्मचारियों बेहतर कार्य करने के लिये उनके द्वारा निर्देशित किया गया है । पुलिस कप्तान के सोच को आगे बढाते हुए सारंगढ़ अनुविभाग में नव पदस्थ एसडीओपी जितेन्द्र खुंटे ने थाना बरमकेला अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय डोंगीपाली में थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक आरसी लहरी एवं बरमकेला थाने के स्टाफ के साथ पहुंचे जहां एसडीओपी ने स्कूल के बच्चों से कुछ ज्ञान वर्धक प्रश्न पूछे, बच्चों ने भी प्रश्नों का त्वरित उत्तर दिया। जिसे सुनकर एसडीओपी ने तारीफ के पुल बांधे है। वही बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से रजिस्टर, पेन एवं चाकलेट वितरण किया गया। इस दौरान स्कूल के शिक्षकगण एवं ग्रामवासी स्कूल प्रांगण में मौजूद थे। एसडीओपी सारंगढ़ द्वारा बच्चों के पालकों को बच्चों की पढाई बंद न कराने की समझाईस दिए है।

**एटीएम ठग और सड़क में सुरक्षा बरतने की दिए समझाइश**

एसडीओपी ने स्कूल में बच्चों की पाठशाला लेने के बाद वहां मौजूद शिक्षक एवं ग्रामीण व आमजनों से एटीएम ठगी के बारे में रोचक जानकारी देते हुए किसी भी व्यक्ति द्वारा फोन कर लाक व अन्य हो जाने की बात सीधे थाने में सूचित करने की बात कही गई वही लोक सेवा गारंटी, मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी में सड़क में सतर्क रहकर चलने की बात कहे है।

### कहां चिपकाएं पार्टी के झंडे बैनर, आयोग से मांगा मार्गदर्शन

रायगढ़। विस चुनाव में जिला प्रशासन द्वारा घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से पार्टी के बैनर झंडे उतरवाने के बाद अब बीजेपी ने लोकसभा से पहले ही आयोग का दरवाजा खटखटा दिया है। पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेता सुगनचंद फरमानिया ने इस संबंध में निर्वाचन में आवेदन सौंपा है और आचार संहिता के दौरान झंडे बैनर चस्पा करने के संबंध में स्थिति स्पष्ट कर नियमावली देने की मांग की है।

विधानसभा चुनाव के बाद विपक्ष में आई भाजपा ने लोकसभा के लिए रणनीतिक तैयारी तेज कर दी है। चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने पर पार्टी के झंडे बैनर चस्पा करने के संबंध में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से मार्गदर्शन मांगा है। दरअसल विधानसभा चुनाव के दौरान जिला प्रशासन की आचार संहिता को लेकर बैनर पोस्टर चस्पा करने की कार्रवाई का कई जगह विरोध हुआ था। शहर में ही सत्तीगुड़ी चौक में घरों व दुकानों से प्रशासन द्वारा झंडे उतरवाने के बाद काफी हो हगांमा हुआ था। जिसके बाद अब भाजपा के वरिष्ट नेता व पूर्व एल्डरमैन सुगनचंद फरमानिया ने निर्वाचन आयोग को आवेदन सौंपा है और पूछा है कि इस संबंध में आयोग अपने नियम स्पष्ट करे। ताकि चुनाव के दौरान कोई भी पार्टी का पदाधिकारी एवं समर्थक अपने घर दुकान या किसी प्रतिष्ठान में पार्टी का झंडा बैनर नियमों के अनुसार लगा सके। ज्ञापन के अनुसार बीजेनी नेता ने बताया है कि इस संबंध में जिला प्रशासन एवं निर्वाचन पदाधिकारी विभिन्न बैठकों में केवल मौखिक निर्देश ही देकर जानकारी दे पाते हैं लेकिन इसके लिए कोई अधिकृत नियमावली उपलब्ध नहीं कराई जाती है। इसलिए लोकसभा चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न होने के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को झंडा बैनर चस्पा करने के लिए नियमावली उपलब्ध कराने की मांग की है।

# करंट की चपेट में आकर एमएसपी प्लांट में श्रमिक की मौत



रायगढ़। एमएसपी प्लांट जामगांव में ट्रेन चेकिंग के दौरान फिटर का हाथ 11 हजार वोल्ट सप्लाई करंट के संपर्क में जाने से घटनास्थल पर ही श्रमिक की मौत हो गई। मामले में चक्रधर नगर पुलिस ने अपराध मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक श्रमिक नाम जगन्नाथ बेहरा पिता अचयत बेहरा उम्र 35 साल निवासी कटक उड़ीसा का है। मृतक प्लांट में विगत 5 वर्षो से प्लांट गेस्ट हाउस में रहकर कार्य कर रहा था। जहां रोजना की तरह में काम काज कर रहा था, शुक्रवार शाम को लाइट चेक करने गया था। इस बीच नग्न तार के संपर्क में आ गया इससे उसे संभलने का मौका किसी भी तरह से नही मिला और चंद मिनटों में प्लांट के अंदर ही करेंट से चिपक कर उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी प्लांट में आग की तरह फैल गई। मजदूर व अधिकारियों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्रित हो गई। इस बीच मेन पवार सप्लाई बंद करने के बाद मृतक प्लांट कर्मी को तार से निकाला गया। इसके उपरांत आनन फानन में मेडिकल कालेज अस्पताल इलाज के लिए लेकर आए जहां डाक्टरों ने आरंभिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल में परिजन कंपनी प्रबंधन पर सुरक्षा व्यवस्था का उचित प्रबंध नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि करंट सप्लाई के लिए खुला तार होना कहां तक सही है। इस सभी तथ्यों को लेकर प्लांट पर प्रबंधन पर कार्रवाई करने की बात कह रहे है। बहरहाल मामले में चक्रधर नगर पुलिस जांच में जुट गई है।

## बेटी की शादी में गया था ट्रांसपोर्टर का परिवार, चोर ले भागे हजारों के समान



रायगढ़। शहर के दूसरे सबसे बड़े रिहायशी आशीर्वाद पुरम कलोनी में बीती रात ट्रांसपोर्टर डा अरुण गुप्ता के घर ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिये है। रिहायशी कालोनी में चोरी की वारदात से स्थानीय व कालोनी में निवासरत लोग एवं पुलिस महकमे में खलबली मच गई।

मिली जानकारी के मुताबिक डॉ अरुण गुप्ता उम्र लगभग 45 वर्ष है जो पेशे से ट्रांसपोर्टर है जिसका पूरा परिवार दिल्ली अपने बेटी के शादी समारोह गया हुआ है जिसमें ट्रांसपोर्टर के परिवार वालों ने घर को साफ सफाई करने के लिए कामवाली बाई को बोले थे, वही शुक्रवार को काम वाली बाई छुट्टी में थी। जहां आज सुबह काम करने आई तो घर का ताला टूटा हुआ था जिस पर शोर मचाते हुए स्थानीय लोगो को बुलाई। इस पर कालोनीवासियों की भीड़ घर के बाहर लग गई जहां ताला टूटने की भनक लगते ही सभी मे हड़कंप मच गया। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई जहां मौके पर आई पुलिस ने वारदात की टोह बारीकी से लेने लगी। उक्त वारदात की जानकारी ट्रांसपोर्टर को दी गई। इसके अलावा ट्रांसपोर्टर के परिजन अनुपस्थित रहने पर पुलिस ने घर के अंदर आने जाने वाले रास्ते व घर को सील कर दिया है। वही सुने घर से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर क्या क्या चोरी की है कितने की है, इस बारे में प्रार्थी के आने के बाद ही पता चल पाएगा। बहरहाल चोरी की वारदात के बाद अब आरोपियों को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बन गया है।

**आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी का सहारा**

इस घटना के बाद पुलिस गस्त व अपराधियों के हौसले की चर्चा होने लगी। पुलिस प्रथम दृष्ट्या रेकी कर वारदात को अंजाम देने की कयास लगा रही है। बहरहाल घटना के बाद पुलिस कई एंगल में पड़ताल कर रही है, इसके अलावा आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस इस वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्त में लेने के लिए सीसीटीवी को संजीवनी बूटी मान रही है।

## रिजल्ट लेने गई छात्रा को क्लास से निकाला, कार्मेल स्कूल की शिकायत



रायगढ़। रिजल्ट लेने गई छात्रा को क्लास से जानबूझकर बाहर निकालने के मामले में कार्मेल स्कूल की शिकायत हुई है। शनिवार को सातवी कक्षा की छात्रा पर फीस जमा नहीं करने का झूठा आरोप लगाकर शिक्षिका ने रिजल्ट देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद परिजन ने फीस के पूरे रिकार्ड प्रिंसीपल को दिखाए और मामले की शिकायत प्रशासन से कर इसमें कार्रवाई की भी मांग की है। विवादों में रहने वाली कार्मेल कान्वेंट स्कूल में शनिवार को भी एक गंभीर शिकायत आई है। कक्षा सातवी में पढने वाली एक छात्रा को क्लास टीचर ने रिजल्ट देने से मना कर जानबूझकर क्लास से बाहर कर दिया। क्लास टीचर ने छात्रा की फीस नहीं जमा होने का झूठा आरोप लगाकर रिजल्ट रोक दिया। जिससे छात्रा रोते हुए अपने घर चली गई। शिक्षिका ने सार्वजनिक रूप से छात्रा को अपमानित कर फीस जमा नहीं होने के आरोप लगाए। छात्रा ने जब बताया कि उसकी पूरी फीस पहले से ही जमा है और स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस पूरी जमा होने के बाद ही उसे हॉल टिकट (एडमिट कार्ड) दिया गया था लेकिन शिक्षिका ने उसकी एक भी ना सुनी और अभद्र व्यवहार करते हुए रिजल्ट देने से इंकार कर दिया। ऐसे में शिक्षिका एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान करने एवं छात्रा को मानसिक रूप से प्रताडित किए जाने के बाद नाराज परिजन ने प्रिंसीपल को शिकायत की और स्कूल प्रबंधन की इस लापरवाही एवं छात्रा को मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाकर शिक्षा मंत्री एवं डीइओ को भी शिकायत की है और स्कूल प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

मालूम हो कि बीते महीने ही केला चोटी नहीं बनाने पर स्कूल में दर्जन भर छात्राओं को क्लासरूम से बाहर कर दिया था और परीक्षा के दौरान छात्राओं को दंडित किया था लेकिन इस मामले में भी शिक्षा विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## कोतवाली व सारंगढ़ पुलिस ने जुआ फड़ पर दी दबिश

**9 जुआरी चढ़े हत्थे 6 हजार नगद बरामद**

रायगढ़। सामाजिक बुराई को मिटाने के लिए पुलिस विभाग सक्रिय हो गया हैं, जिसमें कोतवाली व सारंगढ पुलिस ने दो अलग अलग जुआ फड़ में दबिश देकर 9 जुआरियों को दबोचा है वही उनसे 6 हजार रुपये भी बरामद किया है। मिली जानकारी के मुताबिक रात्रि थाना कोतवाली स्टाफ मुखबिर से प्राप्त सूचना पर गांधी रोड स्थित पंडित भोजनालय के पास जुआ खेल रहे जुआडियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। वही मौके पर जुआ खेलते, आशीष शुक्ला, संजू केशरवानी, मोहम्मद अहमद, राहुल अग्रवाल, इंद्रजीत शर्मा को दबोचा गया जिनके फड एवं उनके पास से 4400 रू व 52 पत्ती तास जप्त किया गया है।

## व्यथित बुर्जुग ने फंदे में लटकर दे दी जान

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरो गांव किनारे पेड़ पर लकड़ी लेने जंगल गए अधेड़ की लाश लटकती मिली है। जिसमें पुलिस मर्ग कायम कर तफ्तीश में जुट गई है। मुताबिक धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र रहवासी बुधराम पिता राम सिंह उम्र 55 वर्ष ग्राम बोरो का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि बुर्जुग की पत्नी का देहान्त सन 2012 में हो गया था वही उसके कोई बच्चे भी नहीं है।







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480